प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.06.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने आज विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर रांची के मोरहाबादी में संडेज ऑन साइकिल का उद्घाटन किया। भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में युवा और विद्यार्थी समेत बड़ी संख्या में आमलोगों ने भाग लिया। मंत्री ने इस इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा कि **फिट इंडिया** केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का राष्ट्रीय आंदोलन है। उन्होंने हर नागरिक से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील की।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि राज्य में अवैध कोयला खनन अब केवल अपराध नहीं रहा, बल्कि यह सत्ता, प्रशासन, पुलिस और माफियाओं के गठजोड़ से चलने वाला संगठित काला साम्राज्य बन चुका है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मरांडी ने कहा कि धनबाद के महेशपुर स्थित एक प्लांट के पास तीसरी बार अवैध सुरंगों का मिलना इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण है कि बिना राजनीतिक संरक्षण इतने बड़े स्तर पर अवैध खनन संभव नहीं है।

****

झारखंड प्रवास के दूसरे दिन आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का रांची से बोकारो जाते समय कई स्थानों पर स्वागत किया गया। इस दौरान रामगढ़ और बोकारो जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा, जयघोष और गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर हजारीबाग के सांसद मनीष जयसवाल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने से राज्य की जनता में गज़ब का उत्साह है।

****

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आरोप लगाया है कि राज्यसभा चुनाव के मामले में राज्य की सत्ता में शामिल गठबंधन की सरकार में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। मंत्री ने रांची में कहा कि चुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों के नामों का अंतिम निर्णय पार्टी लेगी।

****

ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय ने आम लोगों से अपील की है कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत बीएलओ के घर आने पर सही और पूरी जानकारी देनी चाहिए। मंत्री ने कहा है कि परिवार और रिकॉर्ड से जुड़ी जानकारी ध्यानपूर्वक साझा करने और फॉर्म सही ढंग से भरने पर भविष्य में कोई समस्या नहीं आएगी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मंत्री ने कहा कि आम जनता के सहयोग से ही एक मजबूत और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार हो सकेगी।

****

कक्षा 12वीं की परीक्षा के परिणाम जारी होने के बाद संबंधित मुद्दों की जांच और उत्तर–पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आज अंतिम तिथि है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि पोर्टल मध्यरात्रि तक खुला रहेगा।

****

दुमका जिले के मसलिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक यात्री बस से भारी मात्रा में अवैध लॉटरी टिकट बरामद किया है। पुलिस ने बस चालक और एक बस कर्मी को हिरासत में लिया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि अवैध लॉटरी कारोबार का नेटवर्क कितना बड़ा है और इसमें कौन कौन शामिल हैं।

****

चतरा जिले में एक जांच चौकी के पास पुलिस बैरिकेड से मोटरसाइकिल टकराने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने आज बताया कि दुर्घटना बागरा–रांची मुख्य मार्ग पर जब्बा जांच चौकी के पास हुई। दोनों मृतक दुंदुआ गांव के निवासी थे।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम को सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 जीतने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। श्री मोदी ने कहा कि इस जीत से आने वाले समय में युवाओं को फुटबॉल खेलने की प्रेरणा मिलेगी।

*********समाप्त*********